अनुक्रमांक

नाम

936 **830(CE)**

2019

चित्रकला

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

विशेष निर्देश :

i) मुखपृष्ठ (cover page) तथा इसमें रखे प्रत्येक उत्तर पत्र के दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक अंकों तथा शब्दों में साफ-साफ लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से भी सभी प्रपत्रों पर स्पष्ट हस्ताक्षर करवाइए।

ii) प्रश्नपत्र **तीन** खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड **क** का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड **ख** और खण्ड **ग** में से किसी **एक** खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

iii) खण्ड **क** के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' **अथवा** 'आलेखन' **अथवा** 'प्राविधिक कला' में से केवल **एक** का ही चित्रण करना है।

iv) खण्ड **ख** से 'स्मृति चित्रण' **अथवा** खण्ड **ग** से 'भारतीय चित्रकला' में से किसी **एक** का ही उत्तर देना है।

v) केन्द्र व्यवस्थापक अपनी हस्ताक्षर युक्त मुहर (Facsimile) प्रत्येक प्रपत्र पर लगाएँ और उन पर कक्ष निरीक्षक के भी हस्ताक्षर करवाएँ।

खण्ड 'क'

(अनिवार्य)

(प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1. 25 सेमी × 20 सेमी के आयत में एक दृश्य चित्र बनाइए। दृश्य में प्रातःकालीन नदी के किनारे का दृश्य चित्रण जलरंगों अथवा पेस्टिल रंगों से तैयार कीजिए।

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए :

अ)	सही अनुपात में रेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य	15
ब)	संयोजन	7½
स)	सुसंगत रंगों का प्रभावी प्रयोग	15
द)	सामान्य प्रभाव व आकर्षण।	7½

अथवा

(आलेखन)

दिये गये ड्राईंग पेपर के बीचों-बीच 10 सेमी भुजा के एक समषट्भुज में एक पूर्ण इकाई वाला आलंकारिक आलेखन बनाइए जिसमें कमल अथवा किसी सुन्दर भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों से अलंकृत कीजिए। आलेखन में किसी रंग-संगति वाले तीन सुन्दर जलरंगों का प्रयोग कीजिए। आलेखन ट्रेसिंग करना पूर्णतया वर्जित है।

आलेखन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए :

अ) इकाई की मौलिकता 15

ब) संयोजन 7½

स) उत्तम रंग संगति एवं संयोजन 15

द) सामान्य प्रभाव व आकर्षण। 7½

अथवा

(प्राविधिक कला)

सूचना :

i) निम्नलिखित **पांच** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

ii) प्रत्येक उत्तर की रचना में निर्दिष्ट रेखायें, रचनात्मक रेखायें एवं अभीष्ट रेखायें स्पष्ट हों। रचना की रचनात्मक रेखाओं को न मिटाइये।

iii) रफ़ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए। 3 × 15 = 45

अ) 6 सेमी का एक वर्ग ज्यामितीय विधि द्वारा बनाइए। उसके अन्दर बड़ा से बड़ा अर्धवृत्त खींचिए। 5 + 10

ब) 4 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्त **अ** और **ब** की रचना कीजिए जिसमें केन्द्रों की दूरी 9 सेमी हो। वृत्तों पर तिर्यक सामान्य स्पर्श रेखा खींचिए। 5 + 10

स) एक त्रिभुज खींचिए जिसकी तीनों भुजायें 3 सेमी, 5 सेमी, 6 सेमी लम्बी हों। त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर आयत की रचना कीजिए। 10 + 5

द) 7 सेमी भुजा के एक समपंचभुज के अन्तर्गत एक ज्यामितीय आलेखन बनाइए जो रेखाओं और चापों पर आधारित हो। 5 + 5 + 5

य) 3 सेमी से 1 मीटर की दूरी प्रदर्शित करने वाली एक मापनी की रचना कीजिए, जिसमें मीटर और डेसीमीटर पढ़े जा सके। मापनी का निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए। मापनी पर 4 मीटर 8 डेसीमीटर दूरी को प्रदर्शित कीजिए। 5 + 5 + 5

खण्ड 'ख'

(स्मृति चित्रण)

2. इस प्रश्न में दो भाग **अ** तथा **ब** हैं। दोनों ही भागों को चित्रित कीजिए।

अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से कम न हो। 12½

i) चायदानी

ii) जग

iii) लालटेन

iv) माचिस की डिब्बी।

ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** का स्मृति-चित्रण पेन्सिल द्वारा कीजिए। चित्र 15 सेमी से कम न हो। 12½

i) अमरूद पत्ती सहित

ii) अनन्नास

iii) पपीता

iv) आम पत्ती सहित।

अथवा

खण्ड 'ग'

(भारतीय चित्रकला)

3. अ) भारतीय चित्रकला की विशेषताओं का उल्लेख संक्षेप में करें। 15

अथवा

अजन्ता गुफाओं की चित्रकारी पर संक्षेप में वर्णन करें। 15

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार विकल्पों में दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुन कर दिए गए ड्राइंग कागज पर क्रमानुसार लिखिए। https://www.upboardonline.com

i) उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी कहाँ स्थित है ?

अ) लखनऊ ब) कानपुर

स) इलाहाबाद द) वाराणसी। 1

ii) महाभारत में किस कलाकार का नाम है ?

अ) चित्रलेखा ब) सहदेव

स) संजय द) शकुनि। 1

iii) अजन्ता में कुल गुफाओं की संख्या है

अ) 28 ब) 30

स) 32 द) 34. 1

iv) तटस्थ रंग कौन-से हैं ?

अ) सफेद-काला

ब) लाल-नीला

स) नारंगी-पीला

द) इनमें से कोई नहीं। 1

v) निम्नलिखित मे से द्वितीयक रंग कौन-सा है ?

अ) नारंगी ब) लाल

स) नीला द) पीला। 1

vi) ठण्डे रंग कौन-से हैं ?

अ) हरा-नीला ब) लाल-नीला

स) नीला-लाल द) लाल-सफेद। 1

vii) प्रागैतिहासिक चित्र 'घायल सुअर' का चित्र कहाँ मिलता है ?

अ) होशंगाबाद ब) पंचमढ़ी

स) मिर्जापुर द) इलाहाबाद। 1

viii) निम्न में से 'वाश पद्धति' का चित्रकार कौन है ?

अ) अमृता शेरगिल

ब) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार

स) यामिनी राय

द) राजा रवि वर्मा। 1

ix) 'बनी-ठनी' का चित्र किस शैली में अंकित है ?

अ) मेवाड़ ब) बुंदी

स) कोटा द) किशनगढ़। 1

x) किस मुगल शासक के समय को चित्रकला का स्वर्णयुग कहा जाता है ?

अ) बाबर ब) हुमायूँ

स) अकबर द) जहाँगीर। 1

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से